# उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांक: ओ.यू./क्षे.से.प्र./133 /2025 दिनांक–19 –11–2025

## सूचना

विश्वविद्यालय के NIRF Ranking 2025-26 हेतु समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों के क्षेत्रीय समन्वयकों को पत्रांक ओ.यू./क्षे.से.प्र./122/2025, दिनांक 08/10/2025 द्वारा अपने क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त अध्ययन केन्द्रों से सम्पर्क कर उनके अध्ययन केन्द्रों पर संचालित पाठ्यक्रम एवं कार्यरत विभिन्न कार्यक्रमों के शिक्षकों/परामर्शदाताओं की संख्या को निर्धारित संलग्न प्रारूप (प्रोफार्मा) पर सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

अद्यतन कुछ ही क्षेत्रीय केन्द्रो के अध्ययन केन्द्रों द्वारा उक्त सूचना उपलब्ध करायी गई है, इस पर मा. कुलपति जी ने अप्रसन्नता व्यक्त की है। अतएव आप समस्त क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयको से निवेदन है कि अपने क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रो से वांछित सूचनाएं पूर्ण रूप से अंकित कराते हुए 03 कार्यदिवसों के अन्दर क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सुव्यवस्थित कार्य सम्पादन हेतु आपको गूगल फार्म का लिंक उपलब्ध करा दिया गया है।

संलग्नक : उक्तवत।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

पृ. संख्या: ओ.यू./क्षे.से.प्र./133(1-3)/2025 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. श्री शहबाज अहमद, टेक्निकल ऑफिसर (वेबसाइट डेवलपर) को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्रों व क्षेत्रीय केन्द्रों के लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
3. कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

Scanned with OKEN Scanner